प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 24.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इस बैठक में राज्य का पक्ष रखने के लिए मौजूद हैं। शासी परिषद की बैठक में मुख्य रूप से विकसित राज्य से विकसित भारत के एजेंडे पर चर्चा चल रही है। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें विकास की गति को बढ़ानी होगी।

***********************

जातीय जनगणना के फॉर्म में आदिवासियों की पहचान के लिए कॉलम जोड़ने की मांग को लेकर रांची में छब्बीस मई को प्रदेश कांग्रेस का धरना प्रस्तावित है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट कर पार्टी के सभी पदाधिकारियों को इसमें शामिल होने का आग्रह किया है।

***********************

लातेहार जिले के सलैया जंगल के पास कल रात पुलिस से हुई मुठभेड़ में नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद्, जेजेएमपी का प्रमुख पप्पू लोहरा मारा गया। इस पर सरकार ने दस लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक वाईएस रमेश ने बताया कि मुठभेड़ में दो अन्य नक्सली भी मारे गए हैं। इधर, बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक माइकल राज ने कहा है कि राज्य में अब कुछ गिने–चुने ही नक्सली बचे हैं, जिन्हें जल्द ही मार गिराया जाएगा।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर प्रसारण होगा।

***********************

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से सरायकेला–खरसावां जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कई कार्यक्रमों आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

***********************

रांची के रातू स्थित झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र में चल रहे पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर का आज दूसरा दिन है। ग्रीष्मकालीन शिविर में एक सौ बीच बच्चे भाग ले रहे हैं। पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने इस शिविर का कल उदघाटन किया था।

***********************

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। शुभमन गिल को टेस्ट का नया कप्तान बनाया गया है, जबकि ऋषभ पंत उप कप्तान हैं।

***********************

दक्षिणी पश्चिमी मॉनसून ने आज 8 दिन पहले केरल में दस्तक दे दी है। मानसून सामान्य रूप से एक जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार यह काफी पहले ही यहाँ पहुँच गया है और अब इसके आगे बढ़ने की प्रबल

संभावना है। केरल में इससे पहले मानसून वर्ष उन्नीस सौ नब्बे में उन्नीस मई को पहुंचा था, जो सामान्य तिथि से तेरह दिन पहले था।

************************